# 14. दिनों और महीनों के नाम

बच्चों को बताएँ कि एक सप्ताह में सात दिन होते हैं और एक वर्ष में बारह महीने होते हैं। पहले बच्चों से दिनों तथा महीनों के नाम बताने को कहें। तदुपरांत शिक्षक/शिक्षिका स्वयं एक-एक कर पहले दिनों के नाम बोलें और अपने साथ-साथ बच्चों से बुलवाएँ। फिर इसी प्रकार महीनों के नामों का भी अभ्यास करवाएँ।

- ❖ बीच-बीच में दिनों-महीनों के नामों का क्रम आगे-पीछे करके भी बच्चों से सही क्रम जानने का प्रयास करें।
- ❖ बातचीत करें, वे रविवार के दिन क्या-क्या करते हैं? उनका जन्मदिन किस महीने में आता है? आदि प्रश्नों द्‌वारा बच्चों की रोचकता को बढ़ाने का प्रयास करें।
- ❖ पाठ का अभ्यास करने में यथोचित सहयोग करें।